In the News

Publication: **Deshbandhu** | Region : **Delhi** | Date: **22/07/2017** | Page No.: **12**

रिलायंस निप्पोन लाइफ की प्रीमियम आय में 8 फीसदी का इजाफा

मुंबई, 21 जुलाई (एजेंसियां)। निजी जीवन बीमा कंपनी रिलायंस निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की प्रीमियम आय में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 8 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने 30 जून को खत्म हुई तिमाही में प्रीमियम से कुल 700 करोड़ रुपए की कमाई की है। रिलायंस कैपिटल की सहायक कंपनी रिलायंस निप्पोन लाइफ के बीमा कारोबार (पर्सिटेंसी) में 6 फीसदी की इजाफा हुआ और यह 66 पीसदी रही। कंपनी के प्रबंधन वाली परिसंपत्तियों (एयूएम) में सालाना आधार पर 10 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 17,400 रुपए रही। रिलायंस निप्पन लाइफ के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष वोहरा के हवाले से बताया गया, हम मजबूती से दुबारा उभर रहे हैं और सभी व्यापार में स्थिरता के साथ आगे बढ़ रहे हैंए जोकि एक मजबूत रणनीति व मजबूत निष्पदान क्षमताओं का नतीजा है। वोहरा ने कहा कि इस साल हमारा फोकस लाभदायक व टिकाऊ विकास अभियान को जारी रखना है।